उत्तर प्रदेश के 6 ज़िलों में मेडिकल कॉलेज खोलने के टेंडर जारी

चर्चा में क्यों?

8 दिसंबर, 2022 को उत्तर प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि राज्य में 'एक ज़िला, एक मेडिकल कॉलेज' के तहत 6 ज़िलों में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज खोलने के लिये टेंडर जारी किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से राज्य के महोबा, मैनपुरी, बागपत, हमीरपुर, हाथरस और कासगंज में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिये निवेशकों को चयनित किया जाएगा।
- विदित है कि केंद्र सरकार की वायबलिटी गैप फंडिंग स्कीम के तहत उत्तर प्रदेश के इन 6 ज़िलों में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की सैद्धांतिक सहमति प्राप्त हुई है।
- चिकित्सा शिक्षा के प्रमुख सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश पहला राज्य है जिसने पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज खोलने के लिये टेंडर जारी किया है। टेंडर का डिटेल जेम पोर्टल पर भी अपलोड कर दिया गया है।
- उन्होंने बताया कि 6 ज़िलों में मेडिकल कॉलेज खोलने में करीब 1525 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसमें से केंद्र सरकार सब्सिडी के रूप में करीब 1012 करोड़ रुपए का भार उठाएगी। एक कॉलेज को औसतन 160 करोड़ रुपए की सब्सिडी मिलेगी।
- राज्य के महाराजगंज और शामली में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिये निवेशकर्त्ता का चयन का कार्य शुरू हो गया हैं। अगले साल तक महाराजगंज में उपचार शुरू होने की संभावना है। इसके अलावा शामली और मऊ में मेडिकल कॉलेज प्रक्रियाधीन है।
- प्रमुख सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आम लोगों को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में यह बड़ा कदम है। केंद्र सरकार के द्वारा प्रस्ताव स्वीकृत किये जाने से राज्य के धन की बचत होगी।
- उन्होंने बताया कि राज्य ज़िला अस्पताल और भूमि 33 साल की लीज पर देगी। इसके बाद निवेशकर्त्ता मेडिकल कॉलेज सरकार को वापस कर देगा। यह राज्य की संपत्ति होगी और साथ ही स्टांप ड्यूटी में छूट और उपकरण सब्सिडी भी देगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tender-issued-for-opening-medical-colleges-in-6-districts-of-uttar-pradesh